सीएसआईआर समाचार

एनजीआरआई वैज्ञानिक जीईआरएमआई अनुसंधान केन्द्र के निदेशक चयनित

डॉ. टी. हरिनारायण, प्रमुख वैज्ञानिक, राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद को गांधीनगर, गुजरात स्थित रिसर्च सेंटर ऑफ गुजरात एनर्जी रिसर्च एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट का निदेशक चुना गया है। जीईआरएमआई उद्योग संबंधी शिक्षा के लिए विशेषज्ञता का केन्द्र है जिसकी स्थापना पैट्रोलियम और संबद्ध ऊर्जा क्षेत्रों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए मानव संसाधन विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी जिससे वैश्विक परिदृश्य में प्रतिस्पर्धा के लिए नेताओं को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है।

हाइड्रोकार्बन और भूतापीय ऊर्जा की खोज से संबंधित अनेक विशाल परियोजनाओं में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए, डॉ. हरिनारायण को खनन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय खनिज पुरस्कार और ए.पी. एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा सर्वोत्तम वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

डॉ. हरिनारायण, एशियन एकेडमी ऑफ नेचुरल साइंसेज, मास्को के सदस्य हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ टोक्यो, जापान और यूनिवर्सिटी ऑफ टैक्सास, ऑस्टिन, यूएसए में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में काम किया है। वे 2007 से 2011 के दौरान आईएजीए – इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ जिओमैग्नेटिज्म एंड एरोनॉमी के कार्यकारी सदस्य चुने गए और हाल ही में वे उसकी वित्तीय कमेटी के सदस्य बने। वे भूकम्प और ज्वालामुखियों से संबंधित ईएमएसईवी और इलैक्ट्रोमैग्नेटिक से संबंधित आईएजीए वर्किंग ग्रुप के भी सदस्य हैं।